राजस्थान के माफिया शिवपुरी के जंगलों में कर रहे लूट

ग्रामीण बोले- वन विभाग कर रहे दिखावटी कार्रवाई

नवभारत न्यूज
शिवपुरी,09सितम्बर। पोहरी सब रेंज के इन्दुरखी जंगलों में सागौन के पेड़ों की लगातार कटाई हो रही है। बताया जा रहा है कि राजस्थान के माफिया रात के अंधेरे में जंगल में घुसकर कीमती सागौन के पेड़ काटते हैं और उन्हें बॉर्डर पार ले जाकर बेच देते हैं। यह काम लंबे समय से चल रहा है, लेकिन अब इसकी शिकायतें ज्यादा मिल रही हैं। **वन विभाग पर लापरवाही का आरोप:**ग्रामीणों का कहना है कि माफिया अब तक सैकड़ों पेड़ काट चुके हैं। वे बताते हैं कि कई बार उन्होंने कटाई होते हुए देखा है, लेकिन डर की वजह से सामने नहीं आ पाते। लोगों का आरोप है कि वन विभाग इस मामले में लापरवाही बरत रहा है। कभी-कभार छोटी कार्रवाई जरूर की जाती है, लेकिन बड़े स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। यही कारण है कि माफियाओं के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बाबड़ी क्षेत्र में आज भी कटे हुए पेड़ पड़े हुए हैं, जो विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठाते हैं।

रेंजर ने अधिकारियों को दी सूचना

रेंजर नवल किशोर ने बताया कि अज्ञात लोगों ने लगभग एक दर्जन पेड़ काटे थे। उन्होंने बताया कि विभाग ने इन कटे हुए पेड़ों को जब्त कर लिया है और इस मामले की जानकारी अधिकारियों को भेज दी गई है। डीएफओ सुधांशु यादव ने इस पर कहा कि वे जांच के लिए टीम भेजेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की पूरी पड़ताल होगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस बार सख्त कदम उठाए जाएंगे ताकि जंगल और सागौन के पेड़ों को बचाया जा सके।

सिंधिया आज पिछोर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे

नवभारत न्यूज
शिवपुरी,09सितम्बर। संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 10 एवं 12 सितम्बर को शिवपुरी जिले का दौरा करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया 10 सितम्बर को दोपहर 1 बजे पिछोर के गरेठा पहुंचकर उपकेंद्र का लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत 2:30 बजे ग्राम चमरौआ में उपकेंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 4:30 बजे ग्राम मुहासा में उपकेंद्र का शिलान्यास करेंगे तथा शाम 6:30 बजे ग्राम पिपरा में उपकेंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत अशोकनगर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे। इसी प्रकार 12 सितम्बर को प्रात: 11:40 बजे एमपीटी टूरिस्ट विलेज से प्रस्थान कर कोटा सोसायटी ग्राउंड, कोटा भगोरा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे छत्री रोड शिवपुरी स्थित परिणय वाटिका पहुंचेंगे और व्यापारिक एवं औद्योगिक समरसता सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। इसके बाद 2:15 बजे फिजिकल कॉलेज रोड, शांति नगर पहुंचेंगे और शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया महाविद्यालय पी.एम.कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के नवीन भवन का उद्घाटन एवं ककरवाया में लॉ कॉलेज का भूमिपूजन करेंगे। अपराह्न 3:45 बजे होटल कमला हेरिटेज, शिवपुरी में प्रेस क्लब शिवपुरी के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात अपराह्न 5:25 बजे ग्राम सिंहनिवास पहुंचेंगे और सिंहनिवास विद्युत उपकेंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत होटल जय विलास पैलेस के लिए रवाना होंगे।

खरीफ सीजन में अब तक 75 हजार मीट्रिक टन का वितरण

नवभारत न्यूज
शिवपुरी,09सितम्बर। जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में 24,113 मीट्रिक टन खाद का स्टॉक जिले में भंडारित है। इसमें 1,443 मी. टन यूरिया, 1,848 मी. टन डीएपी, 8,121 मी. टन एनपीके, 12,350 मी. टन एसएसपी एवं 351 मी. टन एमओपी शामिल है।

खरीफ सीजन 1 अप्रैल से 9 सितम्बर 2025 तक जिले में कुल 75,878 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। इसमें 27,794 मी. टन यूरिया, 16,848 मी. टन डीएपी, 10,698 मी. टन एनपीके, 20,065 मी. टन एसएसपी और 473 मी. टन एमओपी किसानों तक पहुँचाया गया।

सहकारी और निजी विक्रेताओं के पास भी पर्याप्त स्टॉक:जिले के सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं के पास भी पर्याप्त मात्रा में खाद भंडारित है। सहकारी केंद्रों पर 1,076 मी. टन यूरिया, 906 मी. टन डीएपी, 2,753 मी. टन एनपीके और 1,098 मी. टन एसएसपी उपलब्ध है। वहीं निजी विक्रेताओं के पास 367 मी. टन यूरिया, 942 मी. टन डीएपी, 5,368 मी. टन एनपीके और 11,252 मी. टन एसएसपी का स्टॉक मौजूद है।

किसानों से संतुलित उपयोग की अपील:कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे खरीफ फसलों की बुवाई के लिए डीएपी के साथ-साथ सिंगल सुपर फास्फेट एवं अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें। विभाग का कहना है कि उर्वरकों की कोई कमी नहीं है, इसलिए किसान आवश्यकता अनुसार सहकारी एवं निजी विक्रय केंद्रों से खाद प्राप्त कर सकते हैं।

कृषकों को जिला सहकारी बैंक से निरंतर खाद एवं ऋण वितरण

शिवपुरी। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा संस्थाओं के माध्यम से कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2025 में नगद राशि एवं वस्तु ऋण दोनों ही रूपों में लाभ प्रदान किया जा रहा है। अब तक 6590 किसानों को नगद रूप में 2022.37 लाख रुपये का ऋण तथा 9478 किसानों को यूरिया, डीएपी एवं अन्य खाद के रूप में 1337.25 लाख रुपये का वस्तु ऋण वितरित किया जा चुका है। रबी सीजन वर्ष 2025-26 हेतु अग्रिम भण्डारण योजना के अंतर्गत कृषकों को सुगमता से खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में संस्थाओं पर 681.95 मैट्रिक टन डीएपी, 935.335 मैट्रिक टन यूरिया, 40.65 मैट्रिक टन टीएसपी तथा 136.55 मैट्रिक टन एनपीके शेष भण्डारित हैं। बैंक द्वारा संस्थाओं के माध्यम से निरंतर क्रेडिट अथवा परमिट पर कृषक सदस्यों को खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन कृषक सदस्यों ने पूर्व में बकाया ऋण जमा कर दिया है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर नगदी एवं खाद ऋण प्रदान किया जा रहा है। वहीं, जिन कृषक सदस्यों द्वारा अब तक कालातीत ऋण जमा नहीं किया गया है, उनसे अपील की गई है कि वे शीघ्र बकाया राशि जमा कराकर संस्था से रासायनिक खाद (यूरिया, डीएपी) एवं नगदी ऋण प्राप्त करें तथा शासन की शून्य प्रतिशत ब्याज योजना का लाभ उठाएं।

कृषि सखियों के लिए 5 दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण हुआ शुरू

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 09 सितम्बर। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत कृषि सखियों के लिए पांच दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण 8 से 12 सितम्बर 2025 तक कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी में प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्षा नेहा अमित यादव, जनपद शिवपुरी अध्यक्षा हेमलता रघुवीर रावत एवं उप संचालक भेड़ एवं भदावरी प्रक्षेत्र शिवपुरी डॉ. एस. के. एस. धाकड़ ने मां सरस्वती का दीप प्रज्ज्वलन कर की। कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पुनीत कुमार ने स्वागत उद्बोधन में प्राकृतिक खेती का महत्व एवं कृषि सखियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि नेहा अमित यादव ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं कृषि सखियों के रूप में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लेकर गांव-गांव इसका प्रसार करें। उन्होंने बताया कि भारत एवं मध्यप्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है और इस दिशा में कृषि सखियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि हेमलता रघुवीर रावत ने मनुष्य, भूमि एवं पर्यावरण के स्वास्थ्य के लिए रसायन मुक्त खेती की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने घर-घर किचन गार्डन से प्राकृतिक खेती की शुरुआत करने की अपील की। प्राकृतिक खेती के नोडल अधिकारी डॉ. एम. के. भार्गव ने प्रशिक्षण पूर्व मूल्यांकन कराया और प्राकृतिक खेती के घटकों जैसे घनजीवामृत, बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र आदि के निर्माण की जानकारी दी। इस दौरान पॉवर पाइंट प्रेजेन्टेशन एवं प्रायोगिक कार्य भी कराए जाएंगे। उप संचालक डॉ. एस. के. एस. धाकड़ ने प्राकृतिक खेती के लिए देशी गौधन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ए2 और ए1 दूध के अंतर एवं नस्ल सुधार में दुधारू देशी गाय की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त विकासखण्डों से कुल 50 कृषि सखियां भाग ले रही हैं। इस अवसर पर उपसंचालक सह परियोजना संचालक (आत्मा) पी. एस. करोरिया, सहायक संचालक कृषि डॉ. किरण रावत, वैज्ञानिक डॉ. सुरूचि सोनी, शोध सहायक विजय प्रताप सिंह, कार्यालय अधीक्षक सतेन्द्र गुप्ता एवं स्टेनो आरती बंसल उपस्थित रहीं। पी. एस. करोरिया ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है। इससे न केवल उत्पादन लागत कम होगी बल्कि किसानों और उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री भी उपलब्ध होगी। कृषि सखियां इस तकनीक को गांव-गांव तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

छात्रा को एसबीआई ने दिया प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप

मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप दिया लैपटॉप

नवभारत न्यूज
शिवपुरी,09सितम्बर। शिवपुरी में भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के कम आय वर्ग श्रेणी के अंतर्गत आने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मंगलवार को प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप वितरित किए गए।

इस दौरान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईटीबीपी शिवपुरी की कक्षा 11वीं की एक मेधावी छात्रा को भारतीय स्टेट बैंक, शिवपुरी के मुख्य प्रबंधक उमेश श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक आशीष दुबे और अन्य अधिकारियों द्वारा लैपटॉप प्रदान किया गया। इससे विद्यालय के अन्य बच्चों को प्रेरित करने के लिए प्राचार्य श्रीमती पुनीता ज्योति द्वारा प्रार्थना सभा में इसकी जानकारी देकर छात्रा को बधाई दी गई तथा सभी विद्यार्थियों को और उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने हेतु प्रेरणा दी गई।

1402 मैट्रिक टन इफको यूरिया पहुँचा, किसानों को सहूलियत

शिवपुरी। जिले के किसानों के लिए राहतभरी खबर है। आज इफको कंपनी का यूरिया रेल प्वाइंट शिवपुरी पर पहुँचा। जिले को कुल 1402 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ है। इसमें 17 सहकारी समितियों को 425 मै.टन, डबल लॉक गोदाम को 375 मै.टन, 02 मार्कफेड सोसायटियों को 100 मै.टन, एम.पी.एग्रो शिवपुरी को 60 मै.टन तथा निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं को 442 मै.टन यूरिया आवंटित किया गया है।

यूरिया का वितरण सहकारी समितियों, डबल लॉक गोदाम, मार्कफेड सोसायटियों, एम.पी. एग्रो एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से किसानों तक पहुँचाया जाएगा। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित की गई है, ताकि वितरण कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।किसानों से अपील की गई है कि वे खाद केवल जिला स्तर पर अधिकृत गोदामों, सहकारी समितियों या पंजीकृत विक्रेताओं से ही प्राप्त करें। किसी भी निजी विक्रेता द्वारा उर्वरक की कालाबाजारी अथवा अधिक दर पर बिक्री करने पर संबंधित के विरुद्ध ईसीए के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, शिवपुरी पी.एस. करोरिया ने बताया कि जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी। किसान भाई अपनी आवश्यकतानुसार उर्वरक का उठाव कर सकते हैं।

राशन दुकान आवंटन में धोखाधड़ी का आरोप

नवभारत न्यूज
शिवपुरी,09सितम्बर। जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में दो महत्वपूर्ण शिकायतें सामने आईं। मड़ीखेड़ा वाटर सप्लाई परियोजना के कर्मचारियों ने शिकायत दर्ज कराई। कर्मचारियों को पिछले 5 माह से वेतन नहीं मिला है। भोजन भत्ते का भुगतान भी 11 माह से लंबित है। कंपनी का कहना है कि शिवपुरी नगर पालिका से भुगतान नहीं मिलने के कारण वे वेतन नहीं दे पा रहे हैं। कर्मचारियों ने 24 घंटे में समाधान न होने पर काम रोकने की चेतावनी दी है। इधर, खनियाधाना तहसील के ग्राम दिदावनी के ब्रजेंद्र यादव ने की। उन्होंने बताया कि उचित मूल्य की दुकान पर उनकी नियुक्ति की गई थी। लेकिन उनसे 80 हजार रुपए और दो खाली चेक लेकर दुकान किसी और के नाम कर दी गई। न तो उन्हें दुकान मिली और न ही जमा राशि व वेतन का भुगतान किया गया। यादव ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी और समिति प्रबंधक पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। दोनों मामलों में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। शिकायतकर्ताओं ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

पांच महीने से वाटर सप्लाई कर्मचारियों को नहीं मिली सैलरी

विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं जारी

अशोकनगर। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कंप्यूटर कौशल पर विशेष कक्षाएं आयोजित की जा रही है।

कलेक्टर ने अंतर विभागीय समन्वय बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज
शिवपुरी,09सितम्बर। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीएम हेल्पलाईन, समय-सीमा पत्रों की लंबित शिकायतों तथा अन्य समसामयिक विषयों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख?य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर एवं समस्त जिला अधिकारी उपस्थित हुए।

कलेक्टर श्री चौधरी ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम समाधान ऑनलाइन में आवश्यक रूप से उपस्थित हो, पृथक से किसी अधिकारी को सूचना नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही प्रति मंगलवार के दिन आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में भी फील्ड से जुड़े एवं जनता से सीधे संपर्क में रहने वाले अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर जिले में सेवा सप्ताह 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान, जिले में सभी स्तरों पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों को फोर्स क्लोज के आधार पर बंद कराने से पूर्व परीक्षण करें एवं उक्त शिकायतों को संतुष्टि के आधार पर बंद कराने के प्रयास करें। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, यूरिया खाद्य उठाव, वितरण का प्रत्येक दिन का अपडेट जारी करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का शीघ्र निराकरण करें और अपने विभाग को ए ग्रेड में लाने के लिए प्रयासरत रहे। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग की लंबित शिकायतों की समीक्षा की और आंगनबाड़ी नियुक्तियों में एसटी वर्ग में आदिवासियों महिलाओं के आवेदन पर प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रसूताओं के लंवित आवेदनों का पंजीयन कर शीघ्र भुगतान कराया जाए। इस संबंध में संबंधित अधिकारी को पत्राचार करने के लोक सेवा प्रबंधक को निर्देश दिए। उन्होंने पीएम स्वामित्व योजना अंतर्गत शेष रहे ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वे कराने एवं लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मयोगी-ड्रुत्रह्वज्ञ पर पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी को प्रशिक्षण हेतु डीआईओ एनआईसी/डीईजीएम को आवश्यक कार्यक्रम जारी करने हेतु निर्देशित दिए। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को उनके विभाग के अंतर्गत सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी के पेंशन, ग्रेच्युटी से संबंधित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

पीएम आवास योजना में 30 हजार की रिश्वत का आरोप

शिवपुरी। जन सुनवाई के दौरान दो गांवों के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं कलेक्टर के सामने रखीं। पोहरी नगर परिषद क्षेत्र के जाखनोद गांव के निवासियों ने आवास योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

ग्रामीणों के अनुसार, वार्ड प्रभारी चंद्रशेखर यादव प्रति कुटीर स्वीकृति के लिए 30 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं। जो लोग पैसे नहीं देते, उन्हें अपात्र घोषित कर दिया जाता है। दूसरी ओर, पैसे देने वालों को दो मंजिला मकान होने के बावजूद आवास की स्वीकृति मिल जाती है। गांव में लगभग 50 परिवार अभी भी झोपड़ी और कच्चे मकानों में रह रहे हैं। चन्दावनी गांव के 150 आदिवासी परिवारों ने वन विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई का विरोध किया। ये परिवार वर्षों से सड़क किनारे रह रहे हैं और तेंदूपत्ता संग्रहण का काम करते हैं। वन विभाग उस जमीन पर प्लांटेशन कर रहा है और उनकी झोपड़ियां तोड़ रहा है। जाखनोद के ग्रामीणों ने वार्ड प्रभारी को हटाने और पात्र परिवारों को आवास देने की मांग की। वहीं चन्दावनी के आदिवासी परिवारों ने वन विभाग से प्लांटेशन की जगह बदलने या वैकल्पिक आवास की मांग की है।

समृद्धि योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

अशोकनगर। मत्स्य पालन विभाग द्वारा जिले के किसानों और मछुआरों से प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह योजना साल 2024-25 तक के लिए है, और इसका लाभ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। अब तक चली आ रही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जगह पर अब नई प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना को मंजूरी दी गई है। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) पर जाकर ऑनलाइन पंजीकृत करवा सकते हैं। सहायक संचालक, मत्स्य उद्योग, जिला अशोकनगर के कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सरकार ने सीएससी केंद्रों को आवेदन पंजीकृत करने के लिए भुगतान करने का निर्देश दिया है, इसलिए आवेदकों को पंजीकरण के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।

लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोप में रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

नवभारत न्यूज
अशोकनगर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) राजेश जैन ने ग्राम पंचायत महुअन के रोजगार सहायक श्याम कुमार यादव की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। यह कार्रवाई उनके पदीय कर्तव्यों में गंभीर लापरवाही, उदासीनता और अनुशासनहीनता बरतने के कारण की गई है।

यह मामला 31 अगस्त, 2025 को ईसागढ़-चंदेरी मार्ग पर बहेरिया अस्पताल के पीछे एक खाली पड़ी सरकारी जमीन पर हुई घटना से जुड़ा है। उस दिन, श्याम कुमार यादव, ग्राम रोजगार सहायक, ने कुछ लोगों के साथ मिलकर मिट्टी के चबूतरे पर राधा-कृष्ण की मूर्ति स्थापित की थी। इस घटना के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए थे। बताया गया है कि श्याम कुमार यादव मौके पर मौजूद थे और उन्होंने शासकीय कार्य में बाधा भी उत्पन्न की, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी। उन्होंने शासन से अनुमति लिए बिना सरकारी भूमि पर मूर्ति रखने की कोशिश की, जिसे अधिकारियों ने उनके कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना माना है।

कारण बताओ नोटिस का जवाब असंतोषजनक:
इस घटना के बाद, श्याम कुमार यादव को 4 सितंबर, 2025 तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए कहा गया था। हालांकि, उनके द्वारा दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, जिसके बाद सीईओ जिला पंचायत ने मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल, की मार्गदर्शिका 2025 के प्रावधानों के तहत उनकी सेवा समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग ने नगर में की छापामार कार्रवाई

नवभारत न्यूज
विजयपुर,09 सितम्बर। आज दिन के 12 के करीब कलैक्टर श्योपुर के निर्देश पर विजयपुर नगर में एसडीएम अभिषेक मिश्र सीएमएचओ दिलीप सिकरवार व मनीष कुशवाह ड्रग इंस्पेक्टर व राधवेंद्र कर्ण व पुलिस बल के साथ झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्य बाही करने सुनवई तिराहे पर बिना डिग्री धारी एम एल कुशवाह के रश्मि किलीनिक पर छापामार कार्रवाई करते हुए सील्ड कियागया इस छापे मार कार्यवाही की सूचना नगर मैं अग्नि की तरह फैलजाने से नगर के सभी झोलाछाप डॉक्टर व अबैध रूप से संचालित मैडीकल स्टोर सभी अपने सटर डालकर भाग गये इस कारण नगर में खुला मिला संन्जू कुशवाह का जिसे 5 बजे सील्ड किया गया उक्त मैडीकल स्टोर अबैध रूप से संचालित पाया गया, समाचार लिखने तक विजयपुर नगर ब अगरा मै एक,एक पर कार्य बाही हुई है आगे छापामार कार्यवाही चालू है। आगे किसी पर कार्य बाही नहीं हुई, इसी क्रम में टीम अगरा पहुची अगरा में भी झोलाछाप डॉक्टरों को सूचना मिलते ही

अपने अपने किलीनिक छापामार कार्रवाई से बचने के लिये बंन्द कर भाग गये अगरा में एक मैडीकल स्टोर को सील्ड कियागया है आगे हम इस क्षेत्र में समुचित कार्यवाही झोलाछाप डॉक्टरों पर करते रहेंगे।

लेकिन मंडी क्षेत्र में फर्जी डॉक्टरों पर नहीं हो रही कार्यवाही

नवभारत न्यूज
विजयपुर,09सितम्बर। श्योपुर ज़िले के विजयपुर में प्रशासन ने फर्जी डॉक्टरों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई की। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद जब प्रशासनिक टीम ने छापेमारी की तो हकीकत सामने आईकृबिना डिग्री और बिना लाइसेंस के 'मुन्ना भाई' खुलेआम मरीजों का इलाज कर रहे थे। रश्मि क्लीनिक पर जब जांच टीम पहुंची तो वहां मरीजों का इलाज और दवाइयों का वितरण चल रहा था। संचालक से दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी प्रमाणपत्र पेश नहीं कर सका और मौके से भाग खड़ा हुआ। स्थिति स्पष्ट होते ही प्रशासन ने क्लीनिक को तत्काल सील कर दिया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। विजयपुर में हुई इस कार्रवाई से हड़कंप मचा, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यही सख्ती मंडी क्षेत्र में भी दिखाई जाएगी सूत्रों की मानें तो जैसे ही मंडी क्षेत्र में प्रशासन के पहुंचने की सूचना फैली, वहां के कई मेडिकल स्टोर और तथाकथित डॉक्टर अपनी दुकानें बंद कर भाग गए। इससे साफ है कि मंडी क्षेत्र में भी अवैध तरीके से चल रहे क्लीनिकों और फर्जी डॉक्टरों की भरमार है।ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से ऐसे फर्जी डॉक्टर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। गंभीर बीमारियों में भी लोग इनके चंगुल में फंस जाते हैं, जिससे मरीजों की जान तक खतरे में पड़ जाती है। प्रशासन की कार्रवाई सराहनीय जरूर है, लेकिन सवाल यही है कि क्या यह अभियान सिर्फ दिखावे तक सीमित रह जाएगा या मंडी क्षेत्र और अन्य जगहों पर भी वास्तविक कार्रवाई होगी। लोगों को अब यही डर सता रहा है कि कहीं विजयपुर में हुई कार्रवाई सिर्फ एक औपचारिकता न बनकर रह जाए।अगर मंडी क्षेत्र में सक्रिय फर्जी डॉक्टरों पर भी सख्ती नहीं हुई तो यह पूरी कवायद अधूरी और दिखावटी ही साबित होगी।